

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

रिलेशनशिप की अफवाहों को लेकर चर्चा में कृति सेनन

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 256 ■ शुक्रवार, 3 जनवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# अंबरनाथ में 29 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई



■ 31 दिसंबर की रात में सभी चौक पर की गई नाकाबंदी

⏩ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ यातायात पुलिस ने 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 44 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है. 31 दिसंबर की रात शहर पूर्व और पश्चिम में मुख्य चौक पर यातायात पुलिस ने जबरदस्त बंदोबस्त रखकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की है. 31 की रात में 29 शराबियों को पकड़कर उन्हें जब 10 हजार रुपए जुर्माना भरने को कहा गया, उनका नशा उतर गया. पुलिस ने उनके वाहनों को जब्त कर लिया है. उन्हें न्यायालय भेजा जाएगा, वहां से जुर्माना भरने के बाद उन्हें वापस दिया जाएगा. ऐसा ट्रैफिक विभाग की ओर से बताया गया है. ट्रैपिक पुलिस द्वारा सख्ती से की गई कार्रवाई के कारण वाहन चालकों में एक डर था. जिसके कारण शहर में कोई हादसा नहीं हो सका है. ट्रैफिक एसीपी पोवार के मार्गदर्शन में वपुनि पुराणिक की निगरानी में पुलिस उप निरीक्षक पवार, दीपक जाधव और उनके स्टाफ ने रात भर जागकर ये कार्रवाई की है. दो दिनों पूर्व ट्रैफिक पुलिस ने शहर में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों पर जुर्माना ना करते हुए उन्हें फूल देकर समझाया था कि नियमों का उल्लंघन ना करें. वरा जुर्माना होगा. अंबरनाथ, उल्हासनगर और विट्ठलवाड़ी यातायात पुलिस ने नाकाबंदी करके 31 दिसंबर की रात में 460 वाहनों पर कार्रवाई की है. ऐसी जानकारी एसीपी विजय पोवार ने दी है. अंबरनाथ 29, उल्हासनगर 24, विट्ठलवाड़ी पुलिस द्वारा 18 कुल 71 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है.

# उल्हासनगर मनपा की नई 15 मंजिला इमारत बनेगी



## पिरामिड के आकार में किया जाएगा निर्माण
## प्रांत कार्यालय परिसर में स्थलांतरित होगा कार्यालय

**410 करोड़ का फंड**

**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने 48 साल पुराने उल्हासनगर मनपा को 15 मंजिला पिरामिडनुमा इमारत में तब्दील करने की योजना बनाई है. इस दौरान मौजूदा कार्यालय को प्रांतीय कार्यालय के परिसर में बने सरकारी भवन में स्थानांतरित किया जाएगा.

मनपा की दो मंजिला इमारत का उद्घाटन 3 जून 1976 को हुआ था, जब उल्हासनगर एक नगरपालिका परिषद थी। बाद में 1996 में जब नगर परिषद को महानगर पालिका का दर्जा मिला तो समय के साथ तीसरी मंजिल का निर्माण कराया गया। लेकिन अब यह इमारत 48 साल पुरानी हो गई है और खतरनाक हो गई है. इसकी कई बार मरम्मत की जा चुकी है. इसलिए कमिश्नर विकास ढाकने ने जल्द से जल्द इस इमारत को तोड़कर इस जगह पर 15 मंजिला पिरामिड आकार की इमारत बनाने का फैसला किया है।



### आर्किटेक्ट हितेन शेट्टी ने किया है डिजाइन

इस इमारत को जाने-माने आर्किटेक्ट हितेन शेट्टी ने डिजाइन किया है, जिन्होंने नवी मुंबई और पनवेल मनपा की इमारतों को डिजाइन किया है। 2025 के पहले कुछ महीनों में 48 साल पुराने मनपा कार्यालय को तोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। इसके बाद आयुक्त विकास ढाकने के मार्गदर्शन और अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, सिटी इंजीनियर तरूण शेवकानी की देखरेख में कार्यालय को प्रांतीय कार्यालय के परिसर में सरकारी भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू होगी. एक बार काम संभालने के बाद 410 करोड़ के फंड से पिरामिड आकार की बिल्डिंग का काम तेज हो जाएगा।

## मिशन-50 का संकल्प



इसके साथ ही मनपा आयुक्त विकास ढाकणे ने 2025 में विकास कामों एवं योजनाओं का मिशन-50 का संकल्प लिया है. जिसके तहत एमएमआरडीए की 7 कंक्रीट सड़कें मार्च 2025 तक पूरी हो जाएंगी और उनमें से 5 को आकर्षक लुक देना, मनपा की खुद की अपनी जल स्त्रोत का निर्माण, नई एकत्रिकृत विकास नियंत्रण व प्रोत्साहन नियमावली तैयार करने, सामान्य भूमि का विकास, नियंत्रण और संवर्धन, सीमा विस्तार, पास के गांवों को समाविष्ट करना, नए क्रीडा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने, टेनिस, बैडमिंटन,आर्चरी, व्हॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी कोचिंग व्यवस्था, हिंदुहृदयसम्राट बाळासाहेब ठाकरे क्रीडा संकुल का काम पूर्ण करना, जापानी की तर्ज पर बोन्साई गार्डन, मनपा की वेबसाइट अपडेट करना, बेकार चीजों से शिल्प तैयार करना, आदर्श स्कूल विकसित करना, संपत्ति व्यवस्थापन डिजिटल प्लॅटफॉर्म पर लाना, स्लम बस्तियों में हिरकणी अभ्यासिका सुरु करना, कल्याण-अंबरनाथ सड़क पर मल्टीलेवल उड्डाण पुल का निर्माण आदी विकास कामों-योजनाओं की जानकारी आयुक्त विकास ढाकणे ने दी.

# शिवमंदिर में भक्तों का तांता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर की शान कहे जाने वाले प्राचीन शिव मंदिर में नए साल के मौके पर दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. नए साल के पहले दिन की शुरुआत देव दर्शन के साथ करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्राचीन शिव मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे।

बुधवार को अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण समेत राज्य के कोने-कोने से भक्त भोलेनाथ के दर्शन के लिए आए। इस समय मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर उल्हासनगर के कैलास कॉलोनी चौक तक दर्शन के लिए कतार लगी हुई थी. इस समय मंदिर क्षेत्र एक तीर्थस्थल में तब्दील हो गया था। दर्शन के लिए भक्त सुबह से ही कतार में लगे हुए थे। अंबरनाथ शहर की शान प्राचीन शिव मंदिर पिछले आठ-दस वर्षों में पूरी दुनिया में फैल गया है और राज्य और देश के कोने-कोने से भक्त दर्शन के लिए आते हैं।

# स्थानीय स्वराज्य संस्था के चुनाव अप्रैल-मई में होंगे

■ ओबीसी संबंध में सुप्रीम कोर्ट का 22 जनवरी को नतीजा आ सकता है

⏩ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** स्थानीय स्वराज्य संस्था के चुनाव अप्रैल या मई 2025 को होने के संकेत मिल रहे हैं. ओबीसी आरक्षण बाबत राज्य में गत ढाई वर्ष एवं अंबरनाथ बदलापुर नगर परिषद के चुनाव गत 5 वर्ष से नहीं हुए हैं. सरकारी स्तर पर हलचल तेज हो गई है. ओबीसी आरक्षण बाबत 22 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई होने वाली है. इस दिन निर्णय आ सकता है. उसके बाद ही चित्र स्पष्ट होगा. पूरे राज्य का लक्ष इस निर्णय पर लगा हुआ है. राज्य के 29 महापिलाका, 257 नगर परिषद, 26 जिला परिषद, 289 पंचायत समिति, 27900 ग्राम पंचायत के चुनाव प्रलंबित हैं.



राज्य में स्थानीय स्वराज्य संस्था के सदस्यों की संख्या ढाई लाख के करीब है. कोरोना महामारी, फिर प्रभाग रचना, बाद में ओबीसी राजकीय आरक्षण मुद्दे के कारण चुनाव प्रलंबित हैं. 22 जनवरी को सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी संबंधित नतीजा आने के बाद ही स्थानीय स्वराज्य संस्था के चुनाव का रास्ता साफ हो जाएगा. नागपुर में कुछ दिनों पूर्व एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा था कि स्थानीय स्वराज्य संस्था के चुनाव जल्द होंगे, काम पर लग जाओ. ऐसा संदेश दिया था. चुनाव अप्रैल या मई में हो सकते हैं, ऐसा संकेत उन्होंने दिया था. उसके बाद चुनाव के लिए शासकीय स्तर पर हलचल में तेजी आई है. ओबीसी संबंध में 22 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट का नतीजा आने के बाद चुनाव प्रक्रिया के लिए 3 महिने लगेंगे.

# 2024 में पुलिस का सराहनीय प्रदर्शन

■ पुलिस उपायुक्त झोन-4 में 76% केस का निपटारा

■ 15 अपराधियों पर MOCA

■ 76 अपराधी तड़ीपार

■ 1 करोड़ 23 लाख की संपत्ति लौटाई



**उल्हासनगर.** पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4 के तीन शहरों उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर में पुलिस ने वर्ष 2024 में सराहनीय प्रदर्शन किया है। वर्ष 2024 में परिमंडल 4 क्षेत्र में 2676 अपराध दर्ज किये गये। इनमें से 76 प्रतिशत अपराध पुलिस द्वारा सुलझाने में सफलता मिली हैं। इसके अलावा, महिलाओं से संबंधित सोने की चेन चोरी के कुल 56 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 49 मामलों का पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस द्वारा दो संगठित गिरोहों के खिलाफ MOCA के तहत 15 अपराधियों पर मुकदमा चलाया गया। वहीं, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 76 अपराधियों के खिलाफ तड़ीपार की कार्रवाई की गई। इस बीच वारदात का खुलासा होने के बाद पुलिस ने एक करोड़ 23 लाख की संपत्ति नागरिकों को लौटा दी. साल 2024 में पुलिस के प्रदर्शन का ग्राफ देखकर ये कहना पड़ेगा कि ये निश्चित तौर पर सराहनीय है.

# खड़ेगोलवली से बांगलादेशी महिला गिरफ्तार

■ एक महीने के भीतर 8 बांग्लादेशियों को पकड़ा

■ उल्हासनगर क्राइम ब्रांच एक्शन मोड में



**उल्हासनगर.** बांग्लादेशियों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए एक्शन मोड में चल रही उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली की टीम ने साल 2025 की शुरुआत यानी 1 जनवरी को बांग्लादेशी लड़की को गिरफ्तार किया है. दिलचस्प बात यह है कि दिसंबर 2024 में क्राइम ब्रांच ने 7 बांग्लादेशियों को पकड़ने में सफलता हासिल की, जिससे यह संख्या 8 हो गई।

1 जनवरी 2025 को शाम करीब 4:30 बजे कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत खड़े गोलवली स्थित गंगा विहार कॉलोनी में एक बांग्लादेशी लड़की के रहने की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली, सहायक पुलिस निरीक्षक बबन बंदे, कांस्टेबल जाधव, सपकाले , पाटिल, सिपाही उगले, महिला पुलिस कुसुम शिंदे ने जानकारी के आधार पर पंच के साथ खड़ेगोलवली में जाल बिछाया और 27 साल की सलमा शेख को हिरासत में लिया गया. दस्तावेजों से स्पष्ट है कि सलमा ग्राम-मुस्तफापुर, थाना-मदारीपुर, जिला-सिक्की, बांग्लादेश की रहने वाली है। वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कोली ने बताया कि सलमा पहले मुंबई और पिछले 6 महीने से खड़ेगोलवली में अवैध रूप से रह रही थी. कोली ने बताया कि दिसंबर 2024 में 7 बांग्लादेशियों को विभिन्न पुलिस स्टेशनों की सीमा में पाया गया, जिनमें 2 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल थीं।

# अंबरनाथ मुस्लिम जमात का चुनाव 19 जनवरी को

■ 20 को मतगणना

■ मेंबर बनने के लिए सैकड़ों की भीड़

⏩ उल्हास विकास संवाददाता





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट, मुस्लिम जमात का चुनाव 19 जनवरी को होगा. इस चुनाव के लिए शहर के मुसलमानों में एक एक अलग ही जोश देखा जा रहा है क्योंकि ये चुनाव 8 वर्षों के बाद हो रहा है. ये चुनाव महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड के अंडर में हो रहा है. 19 जनवरी को मतदान सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जमात के कार्यालय गैबन शाह वली दर्गा के पास होगा. 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से मतगणना होगी और उसी समय जीते हुए ट्रस्टियों के चुने जाने की घोषणा होगी. वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने चुनाव के लिए शेड्यूल जारी किया है. जमात मेंबर शिप बनाने वाले फार्म बांटने की तारीख 19 दिसंबर से 2 जनवरी रखी गई थी. मेंबरशिप के लिए हजारों फार्म वितरित किए गए हैं. गुरुवार 2 जनवरी को सुबह से मुस्लिमों की भीड़ दर्गा आफिस पर देखी जा रही है. हजारों लोग मेंबर बन चुके हैं. चुनाव में केवल पुरुष ही मेंबर बन कर मतदान करेंगे. मतदाताओं की यादी घोषित करके ऑब्जेक्शन लेने की आखिरी तारीख 5 और 6 जनवरी है. 9 को चुनाव में खड़े होने के इच्छुक उम्मीदवार 10 और 11 जनवरी को नामांकन भरेंगे. छाननी एवं यादी की प्रसिद्धि 12 एवं 13 जनवरी, 14 जनवरी को आक्षेप लेने की तारीख है. उम्मीदवार 15 जनवरी तक नाम वापस ले सकते हैं. 16 को अंतिम उम्मीदवारों की यादी एवं चिह्न का वितरण होगा और 19 जनवरी को मतदान कर 20 को मतगणना के बाद विजयी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी. चुनाव की सारी प्रक्रिया वक्फ बोर्ड द्वारा नियुक्त एड. अल्ताफ शेख देख रहे हैं.

# इसी माह शुरू हो सकती है हाजीमलंग की फ्युनिक्युलर ट्रेन

## 11 साल इंतजार के बाद 25 या 26 जनवरी को उद्घाटन की उम्मीद

**2,600 सीढ़ियां चढ़ने से राहत मिलेगी**
**एक ट्रेन में 120 यात्रियों की क्षमता वाले दो कोच होंगे**



**कल्याण.** हाजी मलंग पहाड़ी पर फरवरी माह में होने वाले उर्स से पहले जायरीनों के लिए नए साल में अच्छी खबर आइ है. ठाणे जिले में हाजीमलंग पहाड़ी पर बन रही फनिक्युलर ट्रेन के उर्स से पहले शुरू होने की उम्मीद है. सरकारी अधिकारियों की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया कि सार्वजनिक बांधकाम विभाग 25 या 26 जनवरी को इसे शुरू करने का प्लान बना रहा है. इस पहाड़ी पर पिछले 11 साल से काम चल रहा था, जो कि फनिक्युलर ट्रेन अब पूरी हो गई है. इसके ट्रायल और सेफ्टी फीचर्स का काम भी पूरा हो गया है.

हाजीमलंग पहाड़ी पर एक धार्मिक स्थल है, जहां पर देशभर से श्रद्धालु आते हैं. इस पहाड़ी को ठाणे, मुंबई और नवी मुंबई के प्रकृति प्रेमियों के बीच भी काफी पसंद किया जाता है.

एक खबर के अनुसार फनिक्युलर ट्रेन के शुरू होने से पहाड़ी तक जाने वालों को 2,600 सीढ़ियां चढ़ने से राहत मिलेगी. इससे यह सीढ़ियां चढ़ने में लगने वाला दो घंटे का समय घटकर 10 मिनट का रह जाएगा. इसके शुरू होने के बाद सीनियर सिटीजन, दिव्यांगों और बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी. एक अधिकारी ने बताया कि एक समय में दो फनिक्युलर ट्रेनें इस रूट पर चलेंगी. हर ट्रेन में 120 यात्रियों की क्षमता वाले दो कोच होंगे. ठाणे डिवीजन के एक सीनियर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने कहा, काम पूरा हो गया है और सभी ट्रायल भी पूरे हो चुके हैं. सुरक्षा उपायों पर भी काम हो गया है, अब हमने इसे नए साल में 25 या 26 जनवरी को शुरू करने का प्लान किया है. इस सर्विस को शुरू करने के लिए करीब 70 स्टाफ मेंबर हैं.

### पहाड़ी काटकर बनाया गया डबल ट्रैक

- प्रोजेक्ट के एक हिस्से के रूप में मलंगगढ़ पहाड़ी के हिस्से को काटकर 1.2 किमी के दो-तरफा ट्रैक के लिए रास्ता बनाया गया.
- इसका फाउंडेशन फरवरी 2013 में रखा गया और पीडब्ल्यूडी ने अक्टूबर 2013 में एक प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टर के जरिये काम शुरू किया था. 93 करोड़ की लागत वाले प्रोजेक्ट के पूरा होने की टाइम लिमिट मार्च 2015 की थी.
- इसे कई बार बीच में रोका गया क्योंकि हाजीमलंग पहाड़ी कुछ जगह बीच में बहुत खड़ी है. भक्तों और पर्यटकों के अलावा इस सर्विस के शुरू होने से पहाड़ी पर रहने वाले और काम करने वाले सैकड़ों लोगों की परेशानियां कम होंगी.
- इसके शुरू होने से पर्यटन को भी बढ़ावा मलिने की उम्मीद की जा रही है.

# विशाल गवली की रिमांड दो दिन बढ़ी

■ आरोपी को फांसी देने की मांग



**कल्याण.** 23 दिसंबर को कल्याण पूर्व में एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसका यौन उत्पीड़न किया गया। इसके बाद उसकी हत्या कर शव बापगांव इलाके में फेंक दिया गया.

इस मामले में आरोपी विशाल गवली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. उसे 2 जनवरी को फिर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो और दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही उसकी पत्नी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. विदित हो कि विशाल गवली ने 23 दिसंबर को एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया था. इसके बाद उसने उसका यौन उत्पीड़न किया और उसकी हत्या कर दी। इस लड़की का शव 24 दिसंबर को कल्याण के पास बापगांव इलाके में मिला था. इस घटना से हड़कंप मच गया. जिसके बाद आरोपियों को फांसी देने की मांग को लेकर मौन जुलूस भी निकाला गया. इसी तरह गुरुवार (2 जनवरी) को कल्याण के निवासियों ने मोर्चा निकाला और मांग की कि उक्त आरोपियों को फांसी दी जाए. आरोपी के वकीलों ने कोर्ट से एमसीआर की मांग की थी लेकिन कोर्ट ने आरोपी विशाल गवली और उसकी पत्नी साक्षी गवली को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है.

पुलिस ने बताया कि अभी जांच पूरी नहीं हुई है. इसके बाद पुलिस हिरासत बढ़ा दी गई. पुलिस ने यह भी कहा कि वह यौन उत्पीड़न और हत्या के मामले में शव फेंकने में इस्तेमाल किया गया बैग, मोबाइल सिम कार्ड जब्त करना चाहती है. जिसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों की पुलिस हिरासत 4 जनवरी तक बढ़ा दी है.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## अंतरिक्ष में भारत ने नई छलांग

अंतरिक्ष में भारत ने नई छलांग लगाई है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन (इसरो) के स्पैडेक्स मिशन की शानदार कामयाबी ने उसे अमेरिका, रूस और चीन की कतार में खड़ा कर दिया है। यह हमारे वैज्ञानिकों के सतत अनुसंधान और उनकी मेधा का प्रतिफल है कि हम आने वाले समय में चांद पर इंसान भेजने का सपना साकार कर पाएंगे। फिलहाल भारत ने दो यानों को अलग करने के बाद उन्हें पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर सभी को चौंका दिया है। इसरो का यह महत्त्वाकांक्षी मिशन था।

### भारत हासिल करेगा बड़ी सफलता

आगामी सात जनवरी को इस मिशन के तहत जब इन यानों को जोड़ा जाएगा, तब भारत तीन बड़े देशों के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। गौर करने की बात है कि एक समय हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम उपग्रहों को ऊपर ले जाने तक सीमित था। जैसे-जैसे भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करता गया, उसके अंतरिक्ष अभियानों को नए क्षितिज मिलते गए। कोई दो मत नहीं कि स्पैडेक्स मिशन की कामयाबी ने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया है। उम्मीद है कि 2035 तक भारत भी अंतरिक्ष में अपना केंद्र स्थापित कर लेगा। अंतरिक्ष यानों को अलग कर लेने और फिर जोड़ लेने के बाद अंतरिक्ष अन्वेषण में नई राहें खुलेंगी।

इसरो के इस मिशन की सफलता इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भारत शुक्रयान मिशन पर भी काम करना चाहता है, वहीं वह गगनयान मिशन की तैयारी में पहले से जुटा है। अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाना और फिर वापस सुरक्षित लाना इसका मुख्य उद्देश्य है। अभी तक दुनिया के तीन देश ही ऐसा कर पाए हैं। वैसे भी 2040 तक चंद्रमा पर मानव भेजने की हमारी महत्त्वाकांक्षी योजना है। इस लिहाज से देखें, तो इसरो की नई सफलता ने हमारे लिए कई नए दरवाजे खोल दिए हैं। अंतरिक्ष में भारत की उपस्थिति अब और मजबूती से दर्ज होगी। श्रीहरिकोटा से 99वें प्रक्षेपण के बाद हमें अगले अभियान पर भी गर्व होना चाहिए, क्योंकि नववर्ष की शुरूआत में इसरो का सौवां प्रक्षेपण भारत को अंतरिक्ष में नई ऊंचाई पर ले जाएगा। यह उसके सपनों और संकल्प की नई उड़ान भी है, जिन्हें जल्द साकार होते पूरी दुनिया देखेगी।

# अंतिम संस्कार पर अप्रिय राजनीति, कठघरे में कांग्रेस

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की चिता की आग ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि उनके अंतिम संस्कार को लेकर राजनीति शुरू कर दी गई। इस सियासी विवाद को चिंगारी मिली नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस बयान से कि देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार कराकर केंद्र सरकार ने उनका अपमान किया है।

भाजपा ने जवाबी हमला करते हुए कांग्रेस पर इस मसले को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। कांग्रेस और भाजपा में राजनीतिक युद्ध के बीच मनमोहन सिंह का परिवार चुप है। कांग्रेस की ओर से मनमोहन सिंह का कथित तौर पर गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार न होने का आरोप लगाने की एक वजह है। कांग्रेस के दामन पर 1984 के सिख विरोधी दंगों का दाग है। भाजपा सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस को निरंतर कठघरे में खड़ा करती रही है।

हैरानी नहीं कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में कथित गरिमा की कमी का मुद्दा बनाकर कांग्रेस अपने पर लगे सिख विरोधी दंगों के दाग को धोने की कोशिश कर रही हो। वह यह मामला उठाकर पंजाब में सिख समुदाय में नए सिरे से पैठ बनाने की भी कोशिश कर रही है, जिसमें फिलहाल आम आदमी पार्टी का असर है। यह भी ध्यान रहे कि दिल्ली में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। दिल्ली की कुल आबादी में सिखों की हिस्सेदारी करीब चार प्रतिशत है।

साफ है कि मनमोहन सिंह का गरिमामय अंतिम संस्कार न होने का आरोप लगाकर कांग्रेस पंजाब के साथ दिल्ली के सिख मतदाताओं में भी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। यह कोशिश स्वाभाविक है, लेकिन सवाल यह भी है कि नरसिंह राव और विश्वनाथ प्रताप सिंह का निधन नई दिल्ली में होने के बावजूद कांग्रेस ने इन नेताओं का अंतिम संस्कार राजधानी की किसी प्रतिष्ठित जगह कराने की जरूरत नहीं समझी? तब तो दिल्ली और केंद्र में कांग्रेस की ही सरकारें थीं।



विनय सीतापति की लिखी नरसिंह राव की जीवनी 'हाफ लायन' के पन्नों से गुजरेंगे तो पता चलेगा कि नरसिंह राव के निधन के अगले दिन फूलों से सजी सेना की गाड़ी उनके शव को लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंची और करीब आधे घंटे तक मुख्यालय के गेट पर खड़ी रही, लेकिन गेट नहीं खुला। विनय सीतापति के मुताबिक, नरसिंह राव के स्वजनों ने उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में ही करने की मंशा जताई थी, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार और पार्टी नेतृत्व ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया।

उस वक्त मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, जिन्हें 1991 में नरसिंह राव ही राजनीति में लेकर आए थे और वित्त मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा था। वह अपने पहले राजनीतिक भाग्यविधाता के सम्मान में कुछ कर नहीं पाए। नरसिंह राव आजीवन कांग्रेसी रहे। वह कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे और प्रधानमंत्री तो थे ही।

नरसिंह राव के पहले विश्वनाथ प्रताप सिंह का नवंबर 2008 में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हुआ था। चूंकि उनका परिवार जानता था कि विश्वनाथ प्रताप सिंह को लेकर कांग्रेस कैसा भाव रखती है, इसलिए उसे उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में किए जाने की उम्मीद नहीं थी। उनका अंतिम संस्कार इलाहाबाद (प्रयागराज) में किया गया। शायद कांग्रेस तब भूल गई कि 1987 में कांग्रेस से बगावत करने से पहले तक विश्वनाथ प्रताप सिंह न सिर्फ कांग्रेसी थे, बल्कि एक दौर में इंदिरा गांधी के विश्वासपात्र भी थे।

इसी वजह से 1980 में उन्हें उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का भी दिल्ली में ही निधन हुआ था। कांग्रेसी सरकार ने उनका अंतिम संस्कार न सिर्फ दिल्ली में कराया, बल्कि उनकी समाधि भी दिल्ली में ही बनाई गई। दिलचस्प यह है कि जनता पार्टी के शासनकाल के दौरान जब मोरारजी देसाई सरकार इंदिरा गांधी से सरकारी आवास खाली कराने की तैयारी में थी, तब चंद्रशेखर ने ही उसे रोका था। प्रधानमंत्री रहे मोरारजी देसाई का निधन 1995 में मुंबई में हुआ, लेकिन उनका अंतिम संस्कार अहमदाबाद में हुआ। उनके स्वजनों ने न तो दिल्ली में उनके अंतिम संस्कार की मांग रखी और न ही तत्कालीन कांग्रेस सरकार और नेतृत्व ने इसकी जरूरत समझी।

कांग्रेस राज में जिन पूर्व प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार दिल्ली में नहीं हुआ या नहीं कराया गया, वे सभी कांग्रेसी रहे, लेकिन बाद के दिनों में गांधी-नेहरू परिवार के विरोधी हो गए थे।




SAWAN KIRPAL RUHANI MISSION

**अगर हम अपनी आत्मा की सुनेंगे, तो हम पायेंगे कि आंतरिक शांति और संतोष इस दुनिया की तमाम दौलत से कहीं अधिक मूल्यवान हैं।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# हिंसा की 77 फीसदी घटनाएं मणिपुर से

पिछले जातीय हिंसा से त्रस्त घायल मणिपुर को समाधान का इंतजार है। मणिपुर जलता रहा और हल ढूंढने में न तो केंद्र ने और न ही राज्य की सरकार ने कभी राजनीतिक इच्छाशक्ति का इजहार किया। वहां हालात बेहद खराब रहे हैं। गृह मंत्रालय की ताजा रपट से यह स्पष्ट है। वर्ष 2023 में समूचे पूर्वोत्तर क्षेत्र में हुई हिंसा में से 77 फीसद घटनाएं मणिपुर में हुईं। वहां बहुसंख्यक मैतेई और आदिवासी कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा में सैकड़ों नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की जान गई।

महिलाओं पर अत्याचार के जिस तरह के वीडियो आए, वे किसी भी सभ्य समाज के मुंह पर तमाचा थे। वहां तीन मई, 2023 को मैतेई और कुकी समुदायों के बीच बड़े पैमाने पर जातीय हिंसा भड़क उठी। हिंसा का दौर अभी भी जारी है। जबकि सरकार का दावा है कि बीते कुछ महीनों से स्थिति नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अब जाकर राज्य में हुए जातीय संघर्ष के लिए माफी मांगी है और सभी समुदायों से पिछली गलतियों को भूलने तथा एक साथ रहने की अपील की है। प्रदेश में हुए जातीय संघर्ष में 250 से अधिक लोगों की जान चली गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

यह याद रखा जाएगा कि जब मणिपुर में हिंसा की कई घटनाएं राष्ट्रीय सुर्खियां बनीं, तब बीरेन सिंह या केंद्र की सरकार के स्तर पर चुप्पी रही। विपक्षी कांग्रेस तो अब तक यह सवाल पूछ रही है कि प्रधानमंत्री मणिपुर को लेकर चुप क्यों हैं? वे दुनिया भर की यात्रा कर रहे हैं, लेकिन मणिपुर जाने से परहेज क्यों करते हैं। दरअसल, वहां की स्थिति से



निपटने में अक्षमता के बावजूद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह सत्ता में बने रहे, उनकी पार्टी उनके साथ हठपूर्वक खड़ी रही।

इस मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल हुई। अब जबकि, वहां का समाज बुरी तरह से बंट गया और समरसता दूर की कौड़ी हो गई है, बीरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार ने वहां के लोगों को भरोसे में लिए बगैर दो फैसले लिए, जो विवादित रहे, भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाना और मुक्त आवागमन व्यवस्था खत्म करना। इन फैसलों का मणिपुर में कई आदिवासी संगठनों ने विरोध किया।

सर्वोच्च न्यायालय ने वहां की स्थिति पर स्वतः संज्ञान लेते हुए निगरानी और जांच समितियां गठित कर दी थीं। उसमें बाहरी राज्यों के पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया। उम्मीद बनी थी कि हिंसा की हकीकत जल्द ही सामने आएगी। मणिपुर कोई इतना बड़ा और जटिल राज्य नहीं है कि वहां की स्थितियों से निपटना मुश्किल हो। विवाद भी एक भ्रम की वजह से पैदा हुआ था। अगर सरकार संजीदा होती, तो दोनों समुदाय के लोगों को आमने-सामने बिठा कर मसले का हल निकाल चुकी होती।

कोई भी कल्याणकारी सरकार इस तरह पैदा हो गई गृहयुद्ध जैसी स्थिति को हाथ पर हाथ धरे कैसे देख सकती है? शांति बहाली के लिए सभी पक्षकारों का आम सहमति पर आना जरूरी है। वहां जिस तरह से विवाद में जंगल और जमीन का मुद्दा, अवैध प्रवासियों की समस्या, नशीले पदार्थों की तस्करी का जाल और दूसरे कानूनी पहलू उभरते चले गए हैं, उससे स्पष्ट है कि गतिरोध कई मोर्चे पर है और इन सभी पर काम किए जाने की जरूरत है। भावनात्मक बातों से काम नहीं चलेगा। संवेदनशीलता के साथ गंभीर कदम उठाने की जरूरत है।

# 5 हजार साल पहले कैसा दिखता था इंद्रप्रस्थ?

इंद्रप्रस्थ, यानी पांडवों की राजधानी, अगर आपने महाभारत टीवी पर देखा हो या पढ़ा होगा तो आप जानते होंगे

**जरा हट के**

कि इस प्राचीन शहर का कितना महत्व रहा है. पर क्या आपने कभी सोचा है कि जब महाभारत का काल रहा होगा, उस वक्त ये शहर कैसा दिखता रहा होगा! जानकारों का मानना है कि महाभारत का काल 3000 साल ईसा पूर्व था. यानी आज के समय से 5000 साल से भी ज्यादा समय. तो सोचिए कि कोई शहर हजारों साल पहले कैसा दिखता रहा होगा? हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी तकनीक ने इमैजिन किया कि इंद्रप्रस्थ, यानी पांडवों की राजधानी 5000 साल पहले कैसी रही होगी.

इंस्टाग्राम यूजर प्रियांकु (@priyanku_sarmah) एक जेनरेटिव एआई स्पेशलिस्ट हैं और साथ ही एआई फिल्म मेकर भी हैं. वो अक्सर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की



मदद से अनोखी चीजें बनाकर उसकी फोटोज और वीडियोज पोस्ट करते हैं. कुछ दिनों पहले उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने दिखाया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने कैसे इंद्रप्रस्थ को इमैजिन किया है. वीडियो देखते ही आप दंग रह जाएंगे और आपके होश उड़ जाएंगे क्योंकि एक भव्य साम्राज्य को दिखाया गया है. विशाल महल में चलते-फिरते लोग नजर आ रहे हैं. उसी में कई बाजार भी दिख रहे हैं जिसमें आम जनता है, दुकानदार भी मौजूद हैं. महल के अंदर का भी दृश्य दिखाया गया है, जिसमें खूबसूरत बगीचे हैं, राजा बैठे हैं, सैनिक हैं, कई योद्धा भी दिखाई दे रहे हैं. इसके अलावा लोग दुकानों में खाना बनाते दिख रहे हैं, कुछ लोग मछली बेचते नजर आ रहे हैं, औरतें हैं, गुरुकुल में छात्र पढ़ाई कर रहे हैं. इसे देखकर आपको जरूर लगेगा कि आप उसी दौर में पहुंच जाते तो अच्छा होता.

इस वीडियो को 8 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा कि उस युग में पैदा होना कितनी किस्मतवाली बात रही होगी. एक ने कहा कि डिज्नी वालों को ऐसे इंडियन थीम पर मूवी बनानी चाहिए.

# 30 की उम्र के बाद शादी करने में क्या दिक्कत है?



- **जानें क्या कहते हैं रिसर्च और एक्सपर्ट**

शादी एक ऐसा रशिता है, जसिके साथ आपकी जंदिगी का एक नया अध्याय शुरू होता है. भारत में, लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र 18 साल और लड़कों की शादी की कानूनी उम्र 21 साल है. लेकिन करियर की ऊंचाइयों को छूने और एक अच्छी जंदिगी में चाह में कई युवा शादी करने में उम्र का 30 का आंकड़ा पार कर देते हैं. हालांकि शादी कसि उम्र में करनी है, ये कसिी व्यक्ति का बिलकुल नजिी फैसला है. लेकिन इसके बाद भी शादी की उम्र में देरी का संबंध सामाजिक बाध्यताओं से जुड़ा नहीं ब्लकि उससे कहीं बड़ा है. कई बार खुद को सेटल करने और सही जीवनसाथी ढूंढने की देरी में जब उम्र 30 का आंकड़ा पार कर लेती है तो कई चुनौतियों और दक्कितों का सामना करना पड़ सकता है. आइए आपको बताते हैं इसके बारे में.

1. **फर्टिलिटी (प्रजनन क्षमता) पर असर:** महिलाओं के लिए 30 की उम्र के बाद गर्भधारण की संभावना में गिरावट आ सकती है. उम्र बढ़ने के साथ अंडाणुओं की गुणवत्ता में कमी आती है, और इस कारण गर्भवती होने में दिक्कत हो सकती है. 30 की उम्र के बाद प्रसव धारण करने से लेकर बच्चा होने तक, कई जगह परेशानियां आ सकती हैं. कुछ अध्ययन यह भी बताते हैं कि महिलाओं के लिए 35 के बाद गर्भधारण में अधिक चुनौती होती है. वहीं पुरुषों में भी उम्र के साथ शुक्राणुओं की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है. 30 की उम्र तक स्पर्म क्वालिटी और स्पर्म काउंट बेहतर रहता है.

2. **संवेदनशीलता और मानसिक स्थिति:** 30 के बाद लोग अधिक स्थिर और जिम्मेदार होते हैं, लेकिन इस उम्र के तक आपकी आदतें भी काफी स्थिर हो जाती हैं. ऐसे में शादी के बाद एडजस्ट करने में दोनों को ही परेशानियां आती हैं. अपनी लाइफस्टाइल में शादी जैसा बड़ा बदलाव बर्दाश्त करना कभी-कभी बड़ा दक्कित वाला हो जाता है.

3. इसके अलावा लेट शादी करने से फिजिकल इंटिमेसी की परेशानियां देखी गई है. लेट शादी के कारण अक्सर लोग चड़िचड़ि जाते हैं और हर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई झगड़ा करने लगते हैं. इससे रिश्ता खराब हो सकता है. 30 की उम्र के बाद सेक्स लाइफ पर भी प्रभाव पड़ता है. ऐसे में कपल्स एक दूसरे की इच्छाओं को पूरा नहीं कर पाते हैं.

हालांकि जैसे हर बात के 2 पहलू होते हैं, वैसे ही लेट मैरेज के कुछ अच्छे पक्ष भी हैं कि 30 की उम्र तक लोग आमतौर पर अपने करियर में काफी आगे बढ़ चुके होते हैं और फाइनेंशियल तौर पर अधिक स्थिर होते हैं. इससे शादी में आर्थिक तनाव कम हो सकता है. वहीं इस उम्र में लोग अधिक परिपक्व और समझदार होते हैं, जिससे रिश्ते को समझने और निपटने में आसानी हो सकती है.

# सर्दियों में डैंड्रफ कर रहा परेशान?



- **आज ही अपनाएं ये घरेलू उपाय**
- **एक वॉश में मिलेगा छुटकारा**

ठंड में ज्यादा होने के कारण है की शरीर में तैलीय गुण की कमी , ऑयलेशन की कमी के कारण होता है और यह समस्या केवल ऑयलेशन से ठीक नहीं होगा, बल्कि सही तेल का चुनाव करके ऑयलेशन और सेवन भी करना होगा. ड्राइनेस स्किन होता है और उस स्किन का जो अपरदन होता है उसे ही रूसी/ डैंड्रफ कहते हैं और उसका अपरदन होने लगता है, तो वह डस्ट के रूप में बाहर निकलने लगता है. इसके लिए आप तेल का सेवन करें, तेल का मालिश करें. जैसे- बादाम, तिल आदि हुआ. बादाम तेल का सेवन करें साथ ही बादाम तेल से अच्छे से सिर में मालिश करें. मेरे हिसाब से तिल का तेल सबसे बेस्ट तेल है. जिसको डैंड्रफ होता है, उसको तिल का सेवन करना चाहिए.

### ऐसे करें रूसी/ डैंड्रफ को दूर

तिल का तेल का सेवन और मालिश करना चाहिए. साथ ही तिल, भृंगराज, कलौंजी आदि ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए या इन तीनों चीजों को समान मात्रा में मिलाकर पाउडर फार्म बनाकर सेवन करें. इसे आप भोजन के बाद या भोजन से पहले भी आधा चम्मच की मात्रा में नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं, जिससे ये समस्याएं नहीं होंगी. इसके अलावे मेथी, कोकोनट आदि का भी सेवन करें.

हम लोग नारियल को प्रसाद के रूप में कभी कभार खाते हैं. नियमित रूप से नारियल या नारियल का दूध का सेवन करें, तो इससे जो है डैंड्रफ नहीं पनपेगी. सबसे आसान व सरल उपाय तिल का तेल सिर में लगाएं बहुत ही फायदेमंद है. यदि काले तिल का हो तो सबसे बेस्ट है. काले तिल को सिर में लगाते हैं और सेवन करते हैं, तो डैंड्रफ से छुटकारा मिलेगा.

# पंजाबी मखंडी हलवा

खाना-खजाना

### सामग्री

पंजाबी मखंडी हलवा बनाने के लिए आपको जिन सामग्रियों की जरूरत पड़ती है, वो हैं - बारीक दाने वाली सूजी (1/2 कप), दूध (2- 3 कप), इलायची पाउडर (1/2 टी स्पून), ड्राई फ्रूट्स (काजू, बादाम, किशमिश, चिरौंजी आदि), देशी घी और चीनी (स्वादानुसार)। इतनी सामग्री से आप लगभग चार लोगों के लिए हलवा बनकर तैयार कर सकती हैं।

### बनाने की रेसिपी

पंजाब का फेमस मखंडी हलवा बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े बाउल में 1/2 कप सूजी लें। अब इसमें लगभग 2 कप दूध डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब इस मिश्रण को करीब एक घंटे के लिए यूं ही छोड़ दें। इसके बाद गैस पर एक कढ़ाई गर्म होने के लिए रखें। जब कढ़ाई अच्छे से गर्म हो जाए तो उसमें देसी घी डालें। अब इस घी में कटे हुए ड्राई फ्रूट्स (काजू, बादाम, किशमिश, चिरौंजी) को रोस्ट करें। ड्राई फ्रूट्स को बस हल्का ब्राउन होने तक ही भूनें। अब इन्हें एक अलग बर्तन में निकाल कर रख लें। अगले स्टेप में बारी आती है हलवा बनाने की।



इसके लिए सबसे पहले कढ़ाई में देसी घी गर्म होने के लिए रखें। जब घी अच्छे से गर्म हो जाए तो इसमें सूजी और दूध का जो पेस्ट तैयार किया था, उसे डालें। इसे चलाते हुए तब तक भूनती रहें, जब तक मिश्रण हल्का ब्राउन रंग का ना हो जाए और कढ़ाई की तली से चिपकना बंद हो जाए। अब इसे एक दूसरे बर्तन में निकल लें। अब दोबारा कढ़ाई में थोड़ा सा घी डालें। जब घी गर्म हो जाए तो इसमें चीनी डालकर चम्मच से चलाते हुए उसे पका लें। तब तक पकाएं जब तक उसका एक शीरा बनकर ना तैयार हो जाए। अब इसमें सूजी और दूध का भूना हुआ मिश्रण और इलायची पाउडर डालकर सभी चीजों को आपस में अच्छे से मिक्स करें। कुछ देर पकने के बाद गैस की फ्लेम बंद कर दें। इस तरह से पंजाबी मखंडी हलवा बनकर तैयार हो जाएगा। इसे ड्राई फ्रूट्स से गार्निश करें और गरमा-गरम सर्व करें।

## आज का राशिफल

**मेष** : आज व्यापार में उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। लाभ होगा।

**वृषभ** : आज भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यापार-कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**मिथुन** : आज हर तरफ से आय बनी रहेगी। व्यवसाय-व्यापार बहुत अच्छा चलेगा। बाहरी क्षेत्र से विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**कर्क** : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह** : व्यापारिक योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** : कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला** : बाहर रह रहे लोगों को परिवार से आज बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**वृश्चिक** : पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरीपेशा का भाग्य अनुकूल है, इसका लाभ लें।

**धनु** : आज के दिन स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**मकर** : आज संतान के रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। घर में पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। नौकरीपेशा के आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कुंभ** : आज व्यापार में कार्य की अधिकता रहेगी। किसी बाहरी विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। घरेलू तथा बाहरी क्षेत्र की बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक करना होगी। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : व्यावसायिक यात्रा आज लाभदायक रहेगी। मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा। रुके कार्य पूरे होंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# रात को तकिए के नीचे रख लें एक लहसुन की कली

- **चौंकाने वाले फायदे जान आज ही करेंगे ट्राई**

खाना बनाते समय लहसुन का इस्तेमाल खूब किया जाता है। इसका अरोमा और स्वाद खाने में ऐसा फ्लेवर एड करता है कि सिंपल से सिंपल सब्जी भी काफी टेस्टी हो जाती है। सिर्फ इतना ही नहीं अपने औषधीय गुणों के कारण आयुर्वेद में भी लहसुन के खूब महत्व गिनाए गए हैं। यूं तो आप इसे कई तरह से अपने इस्तेमाल में ला सकते हैं। लेकिन एक और तरीका है जो सुनने में थोड़ा अटपटा बेशक लगे लेकिन उसके फायदे भी कम नहीं। इसके लिए बस आपको सोते



समय अपने तकिए के नीचे एक या दो लहसुन की ताजा कलियों को छीलकर रख लेना है। बस इतना करने भर से मिलने वाले फायदे आपको यकीनन हैरानी में डाल देंगे। तो चलिए आज इन्हीं के बारे में जानते हैं।

- **बेहतर नींद आने में करे मदद**

आजकल समय पर नींद ना आना बहुत ही कॉमन समस्या बन चुकी है। मेंटल स्ट्रेस इतना ज्यादा है कि लोग बिस्तर पर पड़े-पड़े करवटें ही बदलते रहते हैं। आंख लग भी जाए तो कुछ देर में ही नींद टूट जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ हो रहा है तो आपको भी अपने तकिए के नीचे लहसुन की कलियां रखकर सोना चाहिए। दरअसल लहसुन की तीखी और तेज गंध दिमाग को स्ट्रेस फ्री और शांत करने का काम करती है। लहसुन में सल्फर पाया जाता है, जिसकी गंध से नींद आने में काफी मदद मिलती है।

- **इन्फेक्शन से करे बचाव**

लहसुन में प्राकृतिक रूप से एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इसकी महक सूंघने भर से ही शरीर को काफी फायदा मिलता है। जब आप इसे अपने तकिए के नीचे रखकर सोते हैं तो ये आपके चारों तरफ एक तरह का कवच बना देता है। आस पास मौजूद बैक्टीरिया और वायरस को खत्म करने में मदद करता है। खांसी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों से लड़ने में भी ये काफी फायदेमंद है।

- **दूर रहते हैं मच्छर और कीड़े-मकोड़े**

रात के समय सोते हुए अगर आपको मच्छर, मक्खी या अन्य कीड़े-मकोड़े परेशान करते हैं, तो आपको अपने तकिए के नीचे लहसुन की कलियां जरूर रखनी चाहिए। पुराने जमाने में लोग अक्सर इस नुस्खे का इस्तेमाल किया करते थे। दरअसल लहसुन की तेज और तीखी गंध मच्छरों और कीड़े-मकोड़ों को दूर ही रखती है। ऐसे में इनके काटने का खतरा भी कम हो जाता है और आपको चैन की नींद आती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### संभल में मंदिर के पास मिला 100 साल पुराना कुंआ, प्रशासन ने शुरू करवाई खुदाई

**संभल.** यूपी के संभल में मंदिर और बावड़ी मिलने के बाद यहां खुदाई जारी है। गुरुवार को महमूद सराय इलाके में चामुंडा मंदिर के पास एक 100 साल पुराना कुंआ मिला। इसकी खबर मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई।

पुलिस-प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद बुलडोजर बुलवाया और फिर कुंए की खुदाई शुरू की गई। बतादें कि कुंआ को लेकर काफी समय से दो पक्षों के बीच चल रहा था। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने कुएं को पाटकर कब्जा किया था। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की गई थी। मामले की जांच के बाद कुएं की खुदाई के आदेश दिए गए थे। गुरुवार को प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर बुलडोजर से कुएं की खुदाई शुरू कर दी। जिसको देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही।

### कासगंज के चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में आया NIA कोर्ट का फैसला, 28 आरोपी दोषी, 2 बरी

**लखनऊ.** लखनऊ एनआईए कोर्ट ने कासगंज के चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में फैसला सुना दिया है। चंदन हत्याकांड में 28 आरोपी दोषी ठहराए गए। दो आरोपी संदेह का लाभ देकर बरी किए गए। सजा के प्रश्न पर सुनवाई होनी है। हो सकता है कि कोर्ट सजा के लिए कोई नई डेट दे। अभियोजन पक्ष के विशेष अधिवक्ता के मुताबिक 26 जनवरी 2018 को कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुए विवाद में चंदन गुप्ता उर्फ अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना की रिपोर्ट पिता सुशील गुप्ता ने 26/27 जनवरी की रात 12:17 बजे कासगंज थाने में दर्ज कराई थी।

### बदमाशों ने धारदार हथियार से की 2 युवकों की हत्या, ग्रामीणों ने काटा बवाल

**बलिया.** यूपी के बलिया में नए साल की शाम डबल मर्डर से हड़कंप मच गया। नरही थाना क्षेत्र के कोटवा नारायणपुर गांव के पास स्थित शराब की दुकान के पास बुधवार की देर रात विवाद में दो युवकों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सूचना के बाद मौके पर एसपी समेत भारी संख्या में फोर्स पहुंच गई। फिलहाल हत्या के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। बताया जा रहा कि पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

नरही थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर के रहने वाले स्वर्गीय कन्नैया का 25 साल के गोलू वर्मा और लक्ष्मण गुप्ता का 24 साल का बेटा बुधार शाम शराब की दुकान के पास पहुंचे थे। दुकान कोटवा नारायणपुर-लट्ठूडीह मार्ग पर है। ग्रामीणों के अनुसार, वहां किसी बात को लेकर पड़ोस के गांव के किसी युवक से उनका विवाद हो गया। कहासुनी के बीच युवक और उसके साथ मौजूद अन्य ने गोलू और प्रशांत पर चाकू व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को पड़ोस के बक्सर (बिहार) के निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# मोबाइल कॉलिंग के लिए नहीं चाहिए टॉवर?

## अंतरिक्ष से जुड़ेगा आपका स्मार्टफोन, इसरो का 'बाहुबली' रचेगा इतिहास

**नई दिल्ली.** भारत जल्द ही अमेरिकी कंपनी का एक विशाल कम्युनिकेशन सैटेलाइट (संचार उपग्रह) लॉन्च करने जा रहा है, जो मोबाइल फोन से सीधे अंतरिक्ष के जरिए कॉल की सुविधा देगा। यह सैटेलाइट टेलीफोनी के क्षेत्र में अब तक की सबसे आधुनिक और क्रांतिकारी तकनीक मानी जा रही है। यह पहली बार होगा जब भारत एक अमेरिकी कंपनी के विशाल संचार उपग्रह को अपने रॉकेट से लॉन्च करेगा। इससे पहले भारत ने केवल छोटे अमेरिकी उपग्रह लॉन्च किए हैं।

■ **फरवरी या मार्च में लॉन्च की संभावना**

भारत के विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने खुलासा किया कि, ₹फरवरी या मार्च में हम मोबाइल संचार के लिए एक अमेरिकी उपग्रह लॉन्च करेंगे। यह मिशन बहुत दिलचस्प होगा क्योंकि यह मोबाइल फोन से सीधे वॉयस कॉलिंग की सुविधा देगा।₹ हालांकि, इसरो और मंत्री ने अमेरिकी ऑपरेटर की पहचान की पुष्टि नहीं की है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह टेक्सास स्थित कंपनी AST SpaceMobile हो सकती है।

■ **किसी भी स्मार्टफोन से होगी कनेक्टिविटी**

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, AST SpaceMobile का दावा है कि उनकी सर्विस के लिए विशेष हैंडसेट या टर्मिनल की




आवश्यकता नहीं होगी। किसी भी स्मार्टफोन से वॉयस कॉल और इंटरनेट का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

इस मिशन में इसरो के लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (LVM-3) (बाहुबली रॉकेट) का इस्तेमाल किया जाएगा। यह 6000 किलोग्राम वजनी ब्लू बर्ड उपग्रह को निचली पृथ्वी कक्षा (LEO) में स्थापित करेगा। इस उपग्रह का एंटीना लगभग 64 वर्ग मीटर का होगा, जो एक फुटबॉल मैदान के आधे आकार के बराबर है।

■ **वैश्विक कनेक्टिविटी का लक्ष्य**

AST SpaceMobile के सीईओ एबेल एवेलन ने बताया कि उनकी तकनीक ₹दुनिया की पहली स्पेस-आधारित सेल्युलर ब्रॉडबैंड नेटवर्क₹ स्थापित करने का उद्देश्य रखती है। कंपनी का लक्ष्य वैश्विक कनेक्टिविटी गैप को खत्म करना और डिजिटल युग में सभी को जोड़ना है।

■ **भारत के लिए बड़ी उपलब्धि**

इसरो के विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रक्षेपण न केवल भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को बढ़ावा देगा, बल्कि अमेरिका जैसी तकनीकी महाशक्ति का भरोसा भी मजबूत करेगा। इससे पहले भारत ने वनवेब के उपग्रहों को लॉन्च किया था, जिसमें भारती एंटरप्राइजेस की हिस्सेदारी है। AST Space Mobile का यह मिशन Starlink और OneWeb जैसी सेवाओं को सीधी चुनौती देगा। इसके अलावा, AST SpaceMobile की योजना कम उपग्रहों के साथ बड़ा कवरेज देने की है, जो इसे अन्य कंपनियों से अलग बनाता है।

# सावरकर के नाम पर होगा DU का कॉलेज

■ **प्रधानमंत्री रखेंगे आधारशिला**

■ **कांग्रेस और भाजपा में छिड़ा सियासी घमासान**

**नई दिल्ली.** दिल्ली विश्वविद्यालय (DU) द्वारा एक कॉलेज का नाम स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के नाम पर रखने के फैसले ने कांग्रेस और भाजपा के बीच सियासी खींचतान को जन्म दे दिया है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन जनवरी को वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कॉलेज की आधारशिला रख सकते हैं। डीयू




की कार्यकारी परिषद द्वारा 2021 में अनुमोदित सावरकर कॉलेज नजफगढ़ में 140 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा।

अब इसको लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा, ₹देश की संप्रभुता और स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले कई स्वतंत्रता सेनानी थे। अगर कॉलेज का नाम उनमें से किसी के नाम पर रखा जाता, तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होती। लेकिन भाजपा के पास अपने कोई नेता या आदर्श नहीं हैं, इसलिए वे उन लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं जिन्होंने ब्रिटिश राज का समर्थन किया।₹

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, ₹महान व्यक्तियों का अपमान करना कांग्रेस की पहचान बन गया है। राहुल गांधी ने एक बार फिर अपने सांसद नसीर हुसैन के माध्यम से वीर सावरकर का अपमान किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने कॉलेज का नाम वीर सावरकर के नाम पर रखा है, और कांग्रेस ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है।

# खालिस्तानी अमृतपाल सिंह बनाएगा नई पार्टी

■ **पंजाब में नई राजनीतिक हलचल की तैयारी**


**चंडीगढ़.** खालिस्तानी अमृतपाल सिंह अब पंजाब में बड़े राजनीतिक मंसूबे पाल रहा है। इसी मकसद से वह राजनीतिक दल ही बनाने की तैयारी में है, जिसका ऐलान उसकी ओर से 14 जनवरी को किया जा सकता है। अमृतपाल सिंह अपनी नई पार्टी के गठन का ऐलान मुक्तसर साहिब में लगने वाले माघी के मेले में करेगा। इस मेले में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग जुटते हैं। लोहड़ी के मौके पर लगने वाला यह मेरा पंजाब में काफी महत्व रखता है। इसके अलावा अमृतपाल सिंह के पिता और उसके समर्थकों ने पंथ बचाओ, पंजाब बचाओ रैली का भी आयोजन किया है। इस रैली में ही पार्टी के गठन का ऐलान अमृतपाल सिंह के परिजनों और समर्थकों की ओर से किया जाएगा। बता दें कि अमृतपाल सिंह फिलहाल असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। उसके खिलाफ रासुका लगाया गया था।

# स्कूल बस पलटी, छात्रा की मौत, 14 घायल

■ **केरल में पुल से उतरते समय हादसा**

■ **खंभे से टकराकर 2 बार पलटी**

**कन्नूर.** केरल के कन्नूर में बुधवार शाम को एक स्कूल बस पलटने से एक छात्रा की मौत हो गई। 14 बच्चे घायल हैं। यह बस कुरुमाथुर चिन्मय स्कूल की थी। स्कूल में छुट्टी के बाद बच्चों को घर वापस ले जा रही थी। पुल से उतरते



समय ड्राइवर ने बस का कंट्रोल खो दिया। बस तेजी से ढाल से नीचे उतरने लगी। तभी एक चौराहे के पास खंभे से टकराकर दो बार पलट गई।

यह पूरा हादसा पास में घर पर लगे एक CCTV में कैद हो गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि बस जैसे ही ढाल से उतरने लगती है। उसका संतुलन खो जाता है। बस बाईं ओर पलटने लगती है। रोड किनारे एक खंभा लगा था। बस खंभे से टकराकर पलटती है। बस में झटका लगने से एक छात्रा खिड़की से बाहर गिर जाती है। बस उसके ऊपर पलट जाती है। मौके पर ही छात्रा की मौत हो गई। स्टूडेंट की पहचान क्लास 5th में पढ़ने वाली नेध्या के रूप में हुई है।

# मस्जिदों के सर्वे के बीच ओवैसी की अर्जी

■ **1991 वाले कानून को लागू करने की मांग;**

■ **क्या बोला SC**

**नई दिल्ली.** वाराणसी, मथुरा, संभल और अजमेर जैसे शहरों में मस्जिदों के सर्वे के बीच सांसद असदुद्दीन ओवैसी की अर्जी गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई। इस पर अदालत ने सुनवाई पर सहमति जताई है और 17 फरवरी की तारीख तय की है। ओवैसी की मांग थी कि 1991 के पूजा स्थल वाले कानून को केंद्र सरकार से सही से लागू करे। इसके लिए कोर्ट की ओर से आदेश दिया जाए ताकि कई मस्जिदों पर उठे विवाद खत्म हो सकें। इस पर बेंच ने कहा कि हम सुनवाई के लिए तैयार हैं और इस संदर्भ में पहले से ही दायर कई याचिकाओं के साथ इसे भी संलग्न करते हैं। अब इस मामले की सुनवाई की तारीख 17 फरवरी तय की गई है। वर्ष 1991 के पूजा स्थल कानून में किसी स्थान के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त 1947 के अनुसार बनाए रखने की बात कही गई है।

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने आदेश दिया कि ओवैसी की नई याचिका को इस मामले में लंबित मामलों के साथ संलग्न किया जाए और कहा कि मामले में 17 फरवरी को सुनवाई की जाएगी। सुनवाई शुरू होने पर एआईएमआईएम के अध्यक्ष ओवैसी की ओर से पेश हुए वकील निजाम पाशा ने कहा कि अदालत इस मुद्दे पर विभिन्न याचिकाओं पर विचार कर रही है और नयी याचिका को भी उनके साथ संलग्न किया जा सकता है। इस पर चीफ जस्टिस खन्ना ने कहा, 'हम इस मामले को संबंधित अन्य मामलों के साथ संलग्न कर रहे हैं।' ओवैसी ने 17 दिसंबर, 2024 को वकील फुजैल अहमद अय्यूबी के माध्यम से याचिका दायर की थी।

हालांकि 12 दिसंबर को चीफ जस्टिस के नेतृत्व वाली बेंच ने 1991 के कानून के खिलाफ दायर इसी तरह की कई अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सभी अदालतों को नए मुकदमों पर विचार करने और धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों एवं दरगाहों पर अन्य समुदाय द्वारा पुनः दावा करने के लंबित मामलों में कोई भी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया था।

# नया साल मनाने पहुंचे तीन दोस्तों की संदिग्ध हालत में मौत

■ **होटल के कमरे से मिली लाश**

**श्रीनगर.** नए साल के मौके पर जम्मू कश्मीर पहुंचे तीन दोस्तों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस ने बताया है कि बुधवार शाम को जम्मू और कश्मीर के भद्रवाह में एक गेस्ट हाउस में तीनों युवक मृत अवस्था में पाए गए। तीनों नए साल का जश्न मनाने के लिए भद्रवाह आए थे। मृतकों की पहचान 39 साल के मुकेश सिंह, आशुतोष सिंह और सनी चौधरी के रूप में हुई है। तीनों युवक जम्मू के रहने वाले थे।

मामला तब सामने आया जब मृतकों में से एक युवक के परिवारवालों ने उसे कई बार फोन किया लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद परिवार वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।डोडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप मेहता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया, ₹हमें जम्मू से एक कॉल आया कि आशुतोष अपने दो दोस्तों के साथ भद्रवाह में नया साल मनाने आया था। वह फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहा था। हमारी टीम ने उन्हें ट्रैक किया और उनका पता लगाया। वे एक होटल के कमरे में ठहरे थे।"

पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि दरवाजा अंदर से बंद था। काफी कोशिशों के बाद जब टीम कमरे में घुसी तो उन्होंने तीनों लोगों को बेहोशी की हालत में पाया। उन्होंने कहा, ₹एक फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और डॉक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।₹ एसएसपी ने कहा कि उनकी मौत के पीछे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल जारी है। अधिकारी ने कहा, हम सभी एंगल की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक कारण दम घुटना प्रतीत होता है।

# अनुप्रिया बोलीं- साजिश का मुंहतोड़ जवाब देंगे

**लखनऊ.** योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री पति आशीष पटेल पर बहन पल्लवी पटेल की घेरेबंदी को तोड़ने के लिए खुद मोदी सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल भी उतर गई हैं। अनुप्रिया ने लखनऊ में अपनी पार्टी अपना दल एस की विशेष बैठक बुलाई और कहा कि किसी कार्यकर्ता के साथ साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साजिश करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वह षडयंत्रों से घबराने वाली नहीं हैं। बहन और सपा विधायक पल्लवी पटेल द्वारा आशीष पटेल पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर अनुप्रिया ने कहा कि उनकी पार्टी डरने वाली नहीं है।


## आम सूचना

मैं श्री मुकेश परसराम माखीजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 13, 3रा माला, पुष्पांजली को.आप. हाउसिंग सो.लि. प्लाट नं. 147, सेक्शन-7ए, शिव रोड, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 07एओ014706000) उक्त प्रॉपर्टी श्री कारी परसराम पलोमल माखीजा और श्रीमती अंजली रमेश सतीजा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट 1.1.2025 सी.नं. 6/001 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मुकेश परसराम माखीजा**


# क्या सिडनी टेस्ट से ड्रॉप होंगे रोहित शर्मा !

■ **टीम से अलग-थलग दिखे, प्रैक्टिस में देर से आए**

■ **कोच-सिलेक्टर की बुमराह से बात**

किसी भी टेस्ट टीम की प्लेइंग-11 की शुरुआत कप्तान से होती है। फिर बाकी खिलाड़ी चुने जाते हैं। सिडनी टेस्ट से पहले भारतीय टीम की स्थिति इससे उलट है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 जनवरी से शुरू होने वाले इस मुकाबले में टीम इंडिया का पहला नाम ही तय नहीं है।




गुरुवार को भारतीय कोच गौतम गंभीर से रोहित शर्मा के सिडनी टेस्ट खेलने पर सवाल किया गया था, लेकिन गंभीर ने सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने बस इतना कहा- 'प्लेइंग-11 पिच को देखने के बाद तय की जाएगी।' गंभीर के जवाब के अलावा, इस बात के संकेत टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन में साफ देखने को मिले।

फिलहाल, भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पिछड़ रही है। टीम को 3 जनवरी से सिडनी में 5 मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला खेलना है।

3 पॉइंट; जो रोहित के नहीं खेलने के संकेत दे रहे हैं...

**1. ड्रेसिंग रूम में अकेले बैठे रहे रोहित**

मैच से पहले टीम के ट्रेनिंग सेशन में रोहित शर्मा टीम से अलग-थलग दिखे। वे ड्रेसिंग रूम में अकेले बैठे रहे। उन्हें बुमराह से काफी देर तक बातचीत करते देखा गया। रोहित प्रैक्टिस में काफी देरी से आए।

**2. बुमराह से बात करते दिख गंभीर-अगरकर**

ट्रेनिंग में हेड कोच गौतम गंभीर और अजित अगरकर जसप्रीत बुमराह से बात करते नजर आए। इसके बाद बुमराह ने शुभमन गिल से नेट्स करने के लिए कहा। इस दौरान इस दौरान रोहित शर्मा भी नेट्स करते रहे।

**3. रोहित की जगह गिल ने स्लिप में फील्डिंग की ट्रेनिंग की**

रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल ने स्लिप में फील्डिंग की प्रैक्टिस की। आमतौर पर मुकाबलों के दौरान रोहित शर्मा को यशस्वी और विराट के साथ स्लिप पर फील्डिंग करते देखा जाता है।

### कश्मीर का नाम कश्यप हो सकता है : शाह

नईगृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में 'जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख थ्रू द एजेस' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि कश्मीर का नाम कश्यप के नाम पर हो सकता है। इतिहासकारों ने कश्मीर का इतिहास पुस्तकों के जरिए बताने की कोशिश की। मेरी इतिहासकारों से अपील है कि प्रमाण के आधार पर इतिहास लिखें। उन्होंने कहा- 150 साल का एक दौर था, जब इतिहास का मतलब दिल्ली दरीबा से बल्ली मारान तक और लुटियन से जिमखाना तक था। यह समय शासकों को खुश करने के लिए लिखे गए इतिहास से खुद को मुक्त करने का है। मैं इतिहासकारों से अपील करता हूं कि वे हमारे हजारों साल पुराने इतिहास को तथ्यों के साथ लिखें।

# RSS मुखपत्र में लिखा - स्वार्थ के लिए मंदिर का प्रचार गलत

■ **इसे राजनीति का हथियार न बनाएं**

■ **भागवत ने कहा था- मंदिर-मस्जिद विवाद सही नहीं**

**मुंबई.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के मुखपत्र पांचजन्य ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर RSS प्रमुख मोहन भागवत के बयान का समर्थन किया है। पांचजन्य ने संपादकीय में लिखा कि कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए मंदिरों का प्रचार कर रहे हैं और खुद को हिंदू विचारक के रूप में पेश कर



रहे हैं। पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर ने संपादकीय 'मंदिरों पर यह कैसा दंगल' में लिखा- मंदिरों का राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। इसे राजनीति का हथियार नहीं बनाना चाहिए। भागवत का बयान गहरी दृष्टि और सामाजिक विवेक का आह्वान है।

मोहन भागवत ने 19 दिसंबर को पुणे में कहा था कि राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नई जगहों पर इस तरह के मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। हर दिन एक नया मामला उठाया जा रहा है। इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है? भारत को दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं।

हालांकि, RSS के अंग्रेजी मुखपत्र ऑर्गनाइजर ने मोहन भागवत से अलग राय रखी थी। पत्रिका ने इसे ऐतिहासिक सच जानने और सभ्यतागत न्याय की लड़ाई कहा था।

# बेटी के नाबालिग प्रेमी को पीट-पीटकर मार डाला

**पुणे.** पुणे में एक 17 वर्षीय लड़के को कथित तौर पर उस लड़की के पिता और दो भाइयों ने लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला, जिसके साथ वह प्रेम प्रसंग में था। बताया जा रहा है कि लड़की वाले दोनों के रिश्ते से खुश नहीं थे। घटना गुरुवार तड़के 2 बजे के आस-पास हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि मारे गए लड़के के खिलाफ भी आपराधिक मामला दर्ज है। उसने रिश्ते का विरोध करने पर लड़की के घरवालों की बाइक को आग लगाकर फूंक दिया था।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार



सुबह वाघोली के वाघेश्वर नगर इलाके के गोरेवस्ती में 17 साल के एक लड़के की सनसनीखेज हत्या का मामला प्रकाश में आया। अधिकारियों के अनुसार, यह वारदात गुरुवार सुबह करीब 2 बजे पता लगी, जब लड़की के पिता और भाइयों ने उसे उसी के घर के बाहर बुलाकर अचानक हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लड़की का परिवार लड़के से नफरत करता था। उन्हें कथित तौर पर बेटी का उसके साथ बात करना, मिलना-जुलना पसंद नहीं था। आखिरकार बुधवार देर रात लड़की के पिता लक्ष्मण पेटकर (60), और उसके दोनों बेटों नितिन पेटकर (31) और सुधीर पेटकर (32) ने कथित तौर पर लड़के पर लोहे की छड़ी और पत्थरों से बुरी तरह हमला करना शुरू कर दिया। पुलिस ने कहा कि लड़के को गंभीर चोटें आईं और स्थानीय अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

घटना के बाद मृतक के पिता ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। डीसीपी हिमंत जाधव ने पुष्टि की कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। जाधव ने कहा, ₹आरोपी पीड़ित लड़की के साथ रिश्ते के विरोध में थे और उन्होंने यह चरम कदम उठाया। नाबालिग तीन महीने से शहर से बाहर था क्योंकि उसके पिता ने उसे लड़की के परिवार के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर दूर रहने की सलाह दी थी। हालांकि, वापस लौटने पर, उसने कथित तौर पर लड़की के परिवार के दोपहिया वाहन को आग लगा दी, जिससे तनाव और बढ़ गया। मामले की जांच जारी है।


## आम सूचना

मैं श्रीमती अनिता अनिल शीरसाठ सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, डॉ. आंबेडकर नगर, हिल लाइन पुलिस लाईन, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 55डीओ011712200) उक्त प्रॉपर्टी श्री कुणाल अनिल शीरसाठ और श्री रोहित अनिल शीरसाठ से रिलीज डीड दि. 1.1.2025 सी.नं. 6/003 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अनिता अनिल शीरसाठ**

## आम सूचना

मैं श्रीमती अनिता अनिल शीरसाठ सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, डॉ. आंबेडकर नगर, बैरक नं. 2118 के पीछे, हिल लाइन पुलिस स्टेशन के पीछे, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 54डीओ011697400) उक्त प्रॉपर्टी श्री कुणाल अनिल शीरसाठ और श्री रोहित अनिल शीरसाठ से रिलीज डीड दि. 1.1.2025 सी.नं. 6/005 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अनिता अनिल शीरसाठ**

## आम सूचना

मैं श्री हरेश रमेश चातुरे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, विठ्ठल मंदिर के पास, ब्राह्मण पाडा, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 10एओ004068900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती बेबी बालाराम लोखंडे और अन्य चार जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट 1.1.2025 सी.नं. 6/007 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेश रमेश चातुरे**

# मैं तो बदला चुका रहा हूं : एकनाथ शिंदे

**मुंबई.** महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बने डेढ़ महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन गठबंधन के बीच किसी ना किसी मुद्दे पर तनातनी की खबरें सामने आ रही हैं। खासतौर पर देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने के बाद से शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की नाराजगी की अटकलें लगाई जा रही हैं।

वहीं अब महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने इस मुद्दें पर खुलकर बात की और सीएम ना बनाए जाने पर बड़ा बयान दे डाला है। इसके साथ ही शिंदे ने 'लाड़की बहिन योजना' पर बड़ी बात बोली है, जिसकी जमकर चर्चा हो रही है।

बता दें महाराष्ट्र में जुलाई 2024 में तत्तकालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य की महिलाओं को सहायता देने के लिए 'मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिन योजना' लागू की थी। शिंदे सरकार द्वारा शुरू की गई योजना का महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी वाले महायुति गठबंधन की शानदार जीत में अहम रोल रहा।

इसके बावजूद एकनाथ शिंदे दोबारा महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने से चूक गए। एकनाथ शिंदे के बजाय देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी गई और शिंदे और अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया।



वहीं अब डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री से उपमुख्यमंत्री पद पर डिमोशन किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। ये प्रतिक्रिया शिंदे ने ठाणे जिले में दिवा महोत्सव में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए दिया। एकनाथ शिंदे ने लाडली बहन योजना को लेकर कहा राज्य की लाडली बहनों ने उन्हें अपना प्रिय भाई माना उनके लिए वो सबसे बड़ा सम्मान हैं।

### पीएम मोदी का जताया आभार

इसके साथ ही डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा प्रधानमंत्री ने राज्य और महायुति गठबंधन को लगातार समर्थन दिया जिसकी बदौलत राज्य में रुकी हुई कई सारी परियोजनाएं पटरी पर आई और हमारी सरकार परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम हुई।

### फडणवीस को लेकर क्या कहा?

एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र में पिछली सरकार में अपने मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान समर्थन के लिए देवेंद्र फडणवीस का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। एकनाथ शिंदे ने कहा मैं अब उपमुख्यमंत्री के रूप में मैं इस समर्थन का बदला चुका रहा हूं और साथ मिलकर हम महाराष्ट्र को अभूतपूर्व विकास की ओर ले जाता चाहते हैं।

## संक्षेप...

### साढ़े तीन लाख की कोकीन जब्त

**नवी मुंबई.** खारघर के सेक्टर 27 स्थित बी.डी सोमानी स्कूल के सामने वाली सड़क पर पुलिस ने 3.50 लाख रुपए की कोकीन के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान बासिल रोनाल्डो ओबियोरो के रूप में हुई है, जो विदेशी नागरिक है. खारघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दीपक सुर्वे को मिली सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक शीतल पाटिल, पुलिस उप-निरीक्षक वर्षा काले, पुलिस कांस्टेबल श्रीकांत म्हात्रे की टीम ने सोमानी स्कूल के पास जाल बिछाया, जहां दोपहिया वाहन से ड्रग्स बेचने के लिए आए बासिल पुलिस ने पकड़ कर तलाशी ली, तो उसके पास से तीन बैग में 32.28 ग्राम कोकीन बरामद हुई.इस मामले में बासिल के खिलाफ मादक पदार्थ प्रतिबंध कानून के तहत मामला दर्ज किया है.

### कार की चपेट में आने से राहगीर की मौत

**पनवेल.** पनवेल शहर में एक तेज रफ्तार कार ने एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हुई. यह घटना पनवेल शहर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई, इस मामले में कार के चालक कमल यादव को हिरासत में लिया गया है. पुलिस के अनुसार यादव अपनी कार को तेज रफ्तार से ले जाते समय राजेन दमेनबा मोनाशी नामक राहगीर को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से राजेन की मौत हुई.

# 3 बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे में बुधवार को छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है. सूचना के मुताबिक ठाणे के वर्तक नगर इलाके में छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन बांग्लादेशी महिलाओं को आईडेंटिफाई किया, जिनके पास सही दस्तावेज नहीं थे. पुलिस ने बताया कि यह महिलाएं होटल में वेटर के रूप में काम करती थीं.



इससे पहले महाराष्ट्र पुलिस ने मुंबई, ठाणे और राज्य के तीन अन्य जिलों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 16 नागरिकों को गिरफ्तार किया. एक अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान के तहत महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (ATS) ने स्थानीय पुलिस की मदद से पिछले चार दिनों में मुंबई, नासिक, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर से बांग्लादेश के नौ नागरिकों को गिरफ्तार किया.

उन्होंने बताया कि आरोपियों में आठ पुरुष और एक महिला शामिल हैं, जिन्होंने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर आधार कार्ड बनवाए. पुलिस ने उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत पांच मामले दर्ज किए हैं. अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही एटीएस ने विशेष अभियान के तहत पिछले महीने 19 मामलों में 43 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया.

### भिवंडी में 7 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस ने भिवंडी में अवैध रूप से रह रहे 7 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार, नारपोली पुलिस ने प्रेरणा कॉम्प्लेक्स, मानकोली इलाके में एक गोदाम में छापेपारी कर इमरान असद खान (28), मोहम्मद फजर अली जोसेफ उद्दीन (54), इआनुल इकलाज मंडल (26), डॉली शाहिद अंसारी (35),रानी कासिम शेख(28),लीमा इमरान खान (26) और शिवली अब्दुल रज्जाक कलाम को बगैर जरूरी कागजात भिवंडी में रहने पर हिरासत में लिया. आरोपियों के पास से कोई वैध वीजा या पासपोर्ट नहीं मिला. जांच में पता चला कि ये लोग बॉर्डर और अन्य मार्गों से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर भिवंडी आए थे.पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों पर नजर रखने के लिए सीमावर्ती इलाकों और शहरों में सतर्कता बढ़ाई जाएगी.

# साईं के चरणों में भक्त ने चढ़ाया 203 ग्राम वजन का सोने का हार

**शिरडी.** नए साल के मौके पर भक्तों ने साल के पहले दिन साईं बाबा को खूब चढ़ावा चढ़ाया है। गौरतलब है कि देश-विदेश में लाखों भक्तों की साईं बाबा में आस्था है। इसी आस्था के चलते भक्तों ने नए साल के मौके पर साईं बाबा को खूब चढ़ावा चढ़ाया। 1 जनवरी 2025 को साईं भक्त श्रीमती बबीता टिकू ने साईं के चरणों में 203 ग्राम वजन का सोने का हार चढ़ाया है। इसकी कुल कीमत 13 लाख 30 हजार 348 रुपये है। उन्होंने साईं बाबा के चरणों में खूबसूरत कढ़ाई वाला हार चढ़ाया है।



बबीता टिकू साईं भक्त हैं और मूल रूप से जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं। हालांकि, फिलहाल वे शिरडी की रहने वाली हैं। उनके परिवार ने नए साल के मौके पर यह हार बाबा के चरणों में चढ़ाया। साईं बाबा संस्थान शिरडी के सीईओ गोरक्ष गाडिलकर ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि साईचरणों में 203 ग्राम वजन का सोने का हार आया है, जिसकी कीमत 13 लाख 30 हजार है। हाल ही में महाराष्ट्र के शिरडी में प्रसिद्ध मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री साईंबाबा संस्थान ट्रस्ट के लिए अच्छी खबर आई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने माना था कि ट्रस्ट गुमनाम दान पर कर छूट पाने का पात्र है।

# 70 वर्षीय वृद्धा और उसके 45 साल के बेटे का शव बरामद

**कामोठे.** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के कामोठे में 70 वर्षीय महिला और उसके 45 साल के बेटे का शव उनके फ्लैट में मिला। जब पुलिस ने शव बरामद किए, तब घर में एलपीजी गैस भरी हुई थी।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान गीता भूषण जग्गी और जितेंद्र के रूप में हुई है। नवी मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शाम करीब 4 बजे पीड़ितों के रिश्तेदार उनसे मिलने आए, लेकिन घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। बार-बार खटखटाने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर गए। उन्होंने देखा कि गैस सप्लाई पाइप का नॉब खुला हुआ था, जिससे गैस पूरे फ्लैट में भर गई थी। दमकलकर्मियों ने नॉब बंद किया और फिर पीड़ितों को बेसुध पाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों के शरीर पर चोट के निशान थे।

शवों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, लेकिन इस मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

# 'धर्मराजा चषक 2024' में चैलेंज स्पोर्ट्स ने मारी बाजी

- धर्मराजा संस्थाध्यक्ष नीलेश चौधरी ने ट्रॉफी व नगद देकर किया गौरव

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** कामतघर ठाकराचा पाडा क्रिडानगरी में चौथे वर्ष धर्मराजा ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष तथा भाजपा पूर्व वरिष्ठ पार्षद नीलेश हरिश्चंद चौधरी व आई वरालदेवी स्पोर्ट्स द्वारा 5 दिवसीय आयोजित ₹धर्मराजा चषक₹ में भिवंडी शहर व ग्रामीण से 48 टीमों ने हिस्सा लिया. क्रिकेट टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्रिकेट प्रेमियों की तालियां बटोरीं. भिवंडी शहर से मैगी इलेवन और चैलेन्ज स्पोर्ट्स एवं ग्रामीण भाग जॉली स्पोर्ट्स कामतघर और कैलास स्मूर्ती गोरसई फाइनल में पहुंची.



फाइनल में पहुंची टीमों ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया. प्रथम पुरस्कार चैलेंज स्पोर्ट्स ने बेहतर खेल में सभी को पछाड़ कर धर्मराजा चषक ट्रॉफी पर कब्जा किया. ग्रामीण संघ से कैलास स्मूर्ती गोरसई टीम ने जीत हासिल की. मैगी इलेवन और परशुराम स्मूर्ती जॉली स्पोर्ट्स कामतघर दूसरे स्थान पर रही. टीमों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और नगद इनाम सहित बॉम्बे कॉटन, सायकल, मोटरसायक़ल सहित कई इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया. विजेता संघो को नगद इनाम और ट्रॉफी दिया गया. उक्त अवसर पर धर्मराजा संस्थाध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद नीलेश चौधरी, हनुमान चौधरी, महेश पाटिल, विशाल पाठरे,नितेश एंकर,मयूर चौधरी, भगवान ठाकुर,विराज पवार, युगांत चौधरी सहित कई मान्यवर उपस्थित थे.

5 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने हेतु धर्मराजा ग्रुप और वराल देवी स्पोर्ट्स के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों की टीम ने एकजुट होकर कड़ी मेहनत की.

# पुलिसकर्मी ने यूटर्न लेने से रोका तो पैर पर चढ़ा दी कार

**मुंबई.** मुंबई के जुहू इलाके में ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी ने जब एक कार चालक को गलत यूटर्न करने से रोका तो कार चालक ने गुस्से में आकर पुलिसकर्मी के पैर के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे पुलिसकर्मी जख्मी हो गया.

इस पूरी घटना का वीडियो एक पुलिसकर्मी बना रहा था, जिसका मोबाइल आरोपी ने छीनने की कोशिश की. इस मामले में ट्रैफिक पुलिसकर्मी प्रवीण प्रकाश महाड़ेश्वर की शिकायत पर मुंबई के सांताक्रूज़ पुलिस स्टेशन ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. घटना 31 दिसंबर की रात की बताई जा रही है.

सांताक्रूज़ पुलिस के मुताबिक, 31 दिसंबर- 1 जनवरी की रात करीब 1 बजे जुहू तारा रोड पर ये घटना हुई. दरअसल जुहू तारा रोड पर रॉयल जंक्शन से आरोपी कार चालक यूटर्न ले रहा था लेकिन वहां तैनात पुलिसकर्मी महाड़ेश्वर ने उसे ऐसा करने से रोका, इस दौरान कार चालक ट्रैफिक पुलिसकर्मी से हुज्जत करने लगा और धमकी देते हुए कहा कि वह यूटर्न वहीं से लेगा, जो करना है कर लो.

आरोपी ने पुलिसकर्मी को धमकी देते हुए कहा कि मैं रजनीश सेठ को बोलकर वर्दी उतरवा दूंगा, मैं तेरे को देख लूंगा और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगा. जब आरोपी नहीं माना तो पुलिसकर्मी ने मोबाइल से साक्ष्य के लिए वीडियो बनाना शुरू कर दिया.

पुलिसकर्मी ने आरोपी से कहा कि यहां से यूटर्न बंद है, इसलिए वह न ले, इसके बाद आरोपी ने कार का पहिया पुलिसकर्मी के पैर पर चढ़ा दिया, मौके से जाते समय उसने पुलिसकर्मी को गाली देते हुए उसका मोबाइल छीनने की भी कोशिश की.

# श्मशानभूमि बदहाल, स्थानीय लोगों में नाराजगी

**भिवंडी.** शेलार ग्रामपंचायत के अंतर्गत आंबेडकर नगर में श्मशान भूमि की हालत बदहाल है. श्मशानभूमि की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार ग्रामपंचायत प्रशासन से शिकायत की, लेकिन किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है.

आंबेडकर नगर स्थित खाड़ी किनारे बनी हुई श्मशानभूमि के टीन शेड्स जगह-जगह से फट गए हैं, जिससे बारिश और धूप के दौरान अंतिम संस्कार करने में भारी दिक्कतें होती है.कंक्रीट के कॉलम में दरारें आ चुकी हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं.फर्श की टाइल्स जगह-जगह से उखड़ चुकी हैं. आंबेडकर नगर में हजारों लोगों की आबादी है, जिनके लिए यह श्मशानभूमि एकमात्र विकल्प है.

# नये साल के पहले दिन 255 रक्तदाताओं ने योगदान दिया



**मुंबई.** नये साल के पहले दिन 255 रक्तदाताओं का योगदान ऐतिहासिक बन गया। यूनिक ब्लड मोटिवेटर्स और पेशेंट वेलफेयर सर्विसेज सोसाइटी के सहयोग से लगातार छठे वर्ष सायन अस्पताल ब्लड बैंक के साथ सायन अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन शैक्षणिक अधिष्ठाता, डॉ. प्रमोद इंगळे, डॉ.वानखेडे, रक्तपेढी प्रमुख डॉ.कविता सावंत, समाज सेवा विभाग प्रमुख डॉ.प्रकाश गायकवाड, रुग्ण मित्र विनोद साडविलकर, प्रमोद नांदगावकर द्वारा किया गया।

सूचना अधिकार कार्यकर्ता अनिल गलगली ने हर साल आयोजित होने वाले शिविर की अच्छी योजना के लिए आयोजक जय साटेलकर, अमोल सावंत की प्रशंसा की। रक्तदान शिविर का आयोजन में रोटरी क्लब ऑफ चेंबूर, सत करम फाउंडेशन, ऋतेश चॅरिटेबल ट्रस्ट, आम्ही मालवणी रक्तदान समिती, श्री प्रतिष्ठान ठाणे, मालवणचो कट्टो प्रतिष्ठान, इनर व्हील क्लब ऑफ ठाणे नॉर्थ, वेदांत प्रतिष्ठान, भंडारी युवा फाउंडेशन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

पूर्व नगरसेवक विरेंद्र तांडेल, विनय शेट्टी, राजेंद्र ढगे, गजानन नार्वेकर, संदिप तवसाळकर, अजित वहाडणे, ॲड.विल्सन गायकवाड, गणेश पवार, किरण गिरकर, रमेश चव्हाण, ज्योती जोशी, प्रकाश राणे, छाया भटनागर, अधिसेविका अनिता हांडे, लायब्ररी प्रमुख श्रेया सप्रे, सचिन धुरी, सचिन निकम, मंदार नायक, हर्ष शिरसाट, निलेश कोकमकर, संतोष वाळवे, अक्षता परुळेकर, वैभव गावडे, मनीष सावंत, रामेश्वर खरुळे, जयकिसन डुलगच एवं सायन रक्तपेढी के समाज विकास अधिकारी एवं कर्मचारियों के सहयोग से नये साल के पहले दिन रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# रिलेशनशिप की अफवाहों को लेकर चर्चा में कृति सेनन

कृति सेनन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच एक्ट्रेस पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने अपने एक्स बॉयफ्रेंड को धोखा दिया था। सोशल मीडिया पर जिस शख्स ने ये आरोप लगाया है वो खुद को कृति का कॉलेज मेट होने का दावा कर रहा है।

### एक्ट्रेस ने एक्स बॉयफ्रेंड को दिया था धोखा

कृति सेनन ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कुछ ऐसी बातें शेयर की, जिसके चलते उनको काफी ट्रोल किया जा रहा है। इस पॉडकास्ट में उन्होंने कहा कि अगर कोई उनके साथ गलत करता है, तो वो उसे दूसरा मौका नहीं देती हैं।

सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट में लिखा, 'कृति मेरे कॉलेज जेपी यूनिवर्सिटी से हैं, उस टाइम उनका एक काफी अमीर बॉयफ्रेंड था। वो अपने बॉयफ्रेंड के पैसों पर ही डिपेंडेंट थीं। उनके बॉयफ्रेंड ने मुंबई शिफ्ट होने में उनकी काफी हेल्प की थी, जहां दोनों साथ में रहते थे। लेकिन जैसे ही कृति को पहली फिल्म मिली उनका बिहेवियर चेंज हो गया था, और तकरीबन 6 महीने के बाद कृति ने उसे चीट करना शुरू कर दिया था।'

कृति सैनन के इस पॉडकास्ट पर कमेंट करते हुए यूजर ने आगे लिखा, 'वो लड़का धोखा खाने के बाद पूरी तरह टूट गया था, वह गीक्स फॉर गीक्स के मैनेजर का अच्छा दोस्त था। मैं यह सब इसलिए भी जानता हूं क्योंकि मैंने उस मैनेजर के अंडर काम किया है। वो मैनेजर, वो लड़का, और मैं, सभी एक ही कॉलेज में पढ़े हैं। हालांकि हम सभी के बैच अलग-अलग थे।'

### कृति सेनन के फैंस कर रहे हैं सपोर्ट

एक्ट्रेस के पॉडकास्ट पर कई लोगों ने अपने-अपने रिएक्शन दिए हैं। जहां एक तरफ कुछ लोग इस बात पर यकीन कर रहें हैं तो वहीं दूसरी तरफ कृति सेनन के फैंस उनका सपोर्ट कर रहे हैं। कृति सेनन ने अब तक इस आरोप पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है।

बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जुड़ रहा है कृति का नाम

वहीं बात करें एक्ट्रेस के रिलेशनशिप की तो फिलहाल उनका नाम बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। बीते दिन से चर्चा हैं कि कृति सेनन बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों को काफी बार साथ में देखा जा चुका है। दोनों ने क्रिसमस भी साथ सेलिब्रेट किया था।



### पनवेल में 3 बांग्लादेशी पूछताछ के बाद गिरफ्तार

**पनवेल.** पनवेल तालुका पुलिस ने पनवेल की तहत आने वाली ठोंबरेवाडी से तीन बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है और पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया. यह तीन पनवेल में मजदूर के रूप में काम कर रहे थे. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गजानन घाडगे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई.

गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशियों का नाम मोहम्मद इमादुल अनवर हुसैन, मसूद बबलू मंडल और शकील सैदुल शेख है. तीनों से पूछताछ करने पर पता चला कि बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने के लिए उनके पास आवश्यक पासपोर्ट नहीं है.

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099